## कविता पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।

**1. परशुराम ने अपने फरसे से किसकी भुजाओं को काट डाला था?**
(i) सहसबाहु (ii) ब्राह्मण
(iii) शत्रुओं (iv) क्षत्रिय

**2. 'बाल दोष गुन गनहिं ना साधु'-यह कथन किसका है?**
(i) परशुराम का (ii) विश्वामित्र का
(iii) राम का (iv) लक्ष्मण का

**3. लक्ष्मण के अनुसार, निम्नलिखित में से क्या वीर योद्धा की विशेषता है?**
(i) अपनी वीरता का बखान करना
(ii) युद्ध क्षेत्र मे अपना प्रताप अथवा कौशल दिखाना
(iii) अपशब्द बोलना
(iv) अधीर व क्रोधी स्वभाव

**4. निम्नलिखित में से परशुराम की विशेषता क्या नहीं है?**
(i) क्षत्रिय कुल का संरक्षक
(ii) ब्राह्मण कुलोत्पन्न
(iii) क्रोधी एवं अहंकारी
(iv) बाल ब्रह्मचारी

**5. 'कुम्हड़बतिआ' की विशिष्टता क्या है?**
(i) तीव्र प्रहार से मुरझा जाती है
(ii) अत्यधिक शीत लहर से मुरझा जाती है
(iii) शस्त्र दिखाने मात्र से भयभीत हो जाती है
(iv) तर्जनी अँगुली के संकेत मात्र से मुरझा जाती है

**6. 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' कविता के संदर्भ में शिव-धनुष टूटने की आवाज सुन परशुराम ने क्रोधित होते हुए पूछा कि धनुष किसने तोड़ा? इसका उत्तर किसने और क्या दिया?** **CBSE 2022**
(i) लक्ष्मण ने कहा कि शिव-धनुष उन्होंने ही तोड़ा है।
(ii) लक्ष्मण ने कहा कि शिव-धनुष राम ने तोड़ा है।
(iii) राम ने कहा कि शिव-धनुष तोड़ने वाला आपका ही कोई सेवक होगा।
(iv) राम ने कहा कि शिव-धनुष को भंग करने वाला और कोई नहीं मैं ही हूँ।

**7. परशुराम द्वारा लक्ष्मण को मारने के लिए फरसा उठाने पर सभा में उपस्थित लोगों की क्या प्रतिक्रिया हुई?** **दक्षता आधारित प्रश्न**
(i) सभाजन शांतिपूर्वक बैठे रहे
(ii) एक-एक करके सभी लोग सभा से जाने लगे
(iii) सभाजन हा-हाकार मचाने लगे
(iv) सभाजन प्रसन्न मुद्रा में बैठे रहे

**8. परशुराम के क्रोध को किसके समान बताया गया है?** **CBSE Diksha**
(i) अग्नि के समान (ii) जल के समान
(iii) घी के समान (iv) वायु के समान

**9. 'क्षत्रिय कुल द्रोही' किसे कहा जाता है?** **CBSE Diksha**
(i) राम को (ii) परशुराम को
(iii) विश्वामित्र को (iv) लक्ष्मण को

**10. 'कौसिक' कहकर किसे संबोधित किया गया है?** **CBSE Diksha**
(i) विश्वामित्र को (ii) जनक को
(iii) उपस्थितराजाओं को (iv) वशिष्ठ को

**11. परशुराम ने लक्ष्मण को कैसा बालक कहा है?** **CBSE Diksha**
(i) दुष्ट और उद्दंड (ii) साहसी और बुद्धिमान
(iii) वीर और निडर (iv) डरपोक और कायर

**12. माता-पिता से कौन उऋण हो चुके थे?** **CBSE Diksha**
(i) परशुराम (ii) विश्वामित्र
(iii) राम (iv) लक्ष्मण

**13. राम का स्वभाव कैसा था?** **CBSE Diksha**
(i) विनम्र (ii) वाचाल
(iii) उद्दंड (iv) क्रोधी

**14. 'जल सम बचन' किसके थे?**
(i) राम के (ii) लक्ष्मण के
(iii) विश्वामित्र के (iv) परशुराम के

**15. परशुराम के क्रोध का मूल कारण क्या था?** **दक्षता आधारित प्रश्न**
(i) लक्ष्मण की व्यंग्यपूर्ण उक्तियाँ
(ii) शिव धनुष का टूटना
(iii) शिव धनुष का पुराना पड़ जाना
(iv) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

**16. लखन उतर आहुति सरिस, भृगुबरकोपु कृसानु।**
**बढ़त देखि जल सम बचन, बोले रघुकुलभानु।।**
**कथन (क) श्रीराम लक्ष्मण को चुप रहने का आदेश देते हैं।**
**कथन (ख) वीर योद्धा अपने मुँह से अपनी प्रशंसा करते हैं।**
**कथन (ग) श्रीराम के वचनों ने परशुराम की क्रोधाग्नि में शीतल जल का काम किया है।**
**कविता की पंक्तियों के आधार पर कौन-सा/से कथन सही है/हैं?** **दक्षता आधारित प्रश्न**
(i) केवल कथन (क) सही है।
(ii) केवल कथन (ख) सही है।
(iii) कथन (क) और (ग) सही है।
(iv) कथन (ख) और (ग) सही है।